दिनांक–06.10.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार,

**1-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जारी की किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त, किसानों के खाते में आए 20 हजार करोड़ रुपये।

**2-** राज्य मंत्री परिषद ने रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में 3900 रूपये प्रति हेक्टेयर अतिरिक्त सहायता राशि की स्वीकृति दी।

3- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज मुरैना के जौरा में मेमू ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी।

4- ग्वालियर में भारत-बांग्लादेश के बीच पहला टी-20 क्रिकेट मैच आज।

**पीएम सम्मान निधि**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल लगभग 9 करोड़ 40 लाख किसानों को लगभग 20 हजार करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की। महाराष्ट्र के वाशिम में एक जनसभा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार की किसान कल्याण की योजनाओं की जानकारी देते हुए कांग्रेस पर किसानों को पिछड़ा बनाए रखने का आरोप लगाया।

इधर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्राप्त राशि से प्रदेश के 81 लाख किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किसानों की खुशहाली और समृद्धि के लिए चलाई गई किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 20 हजार करोड़ की राशि मध्यप्रदेश के किसानों के खाते अंतरित की गई। आगरमालवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के 91 हजार किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 18 करोड़ 20 लाख रुपए की राशि खातों में जमा हुई।

**कैबिनेट बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में दमोह जिले के सिंग्रामपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती के अभूतपूर्व योगदान के सम्मान में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद ने रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में

अधिकतम 3900 रूपये प्रति हेक्टेयर अतिरिक्त सहायता राशि की स्वीकृति दी। इसके साथ ही मंत्रि-परिषद ने सहकारी बैंकों के माध्यम से वर्ष 2024-25 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषकों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तर जारी रखने का भी निर्णय लिया। कैबिनेट ने मध्यप्रदेश जैन कल्याण बोर्ड के गठन पर भी मुहर लगाई। देश में अपने प्रकार का यह पहला कार्य है। जैन समाज के प्रतिभाशाली बच्चे एवं युवाओं को शिक्षा, सामाजिक सरोकार जैसे जैन-मुनियों के प्रवास एवं चार्तुमास के दौरान सुरक्षा एवं बेहतर शिक्षा एवं स्थिति में सुधार आदि के संबंध में शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन जैन समाज के विशेष संदर्भ में प्रभावी तरीके से करने के लिए मध्यप्रदेश जैन कल्याण बोर्ड के गठन का निर्णय लिया गया है।

**कोविन्द- एक साथ चुनाव**

**एक राष्ट्र-एक चुनाव** के लिए गठित समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा है कि देशभर में एकसाथ चुनाव से देश को बहुत लाभ होगा। कल इस विषय पर नई दिल्ली में 30वें **लाल बहादुर शास्त्री स्मृति व्याख्यान** में उन्होंने कहा कि एकसाथ चुनाव से बेहतर प्रशासन, नीतिगत स्थिरता, सामाजिक एकजुटता और आर्थिक विकास के साथ वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बन सकने जैसे कई दीर्घकालिक लाभ होंगे। श्री कोविन्द ने कहा कि यह सिफारिश अधिक समावेशी और समृद्ध भविष्य के लिए बुनियादी सुधार साबित होगी।

**ग्राम उन्नत योजना-लाभार्थी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के जनजातीय बाहुल्य जिलों में प्रधानमंत्री ग्राम उन्नत योजना का शुभारंभ किया गया है, जिसमें जनजाति बाहुल्य आकांक्षी जिलों के गांवों में संपूर्ण विकास किया जाएगा, आदिवासी बाहुल्य उमरिया जिले को भी प्रधानमंत्री द्वारा लागू की गई इस योजना में शामिल किया गया है। योजना को लेकर जिले के हितग्राहियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया है

**कट-बाइट- सोहनलाल रैदास, हितग्राही, उमरिया**

**मुरैना ट्रेन** **06.10.2024/07.10AM**

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज मुरैना जिले के जौरा रेलवे स्टेशन से मेमू ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर कैलारस के लिये रवाना करेंगे। इस विस्तारित सेवा के शुभारंभ पर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव भी वर्चुअल रूप से

शामिल होंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस दौरान श्री सिंधिया जौरा से मेमू ट्रेन में भटपुरा तक यात्रा करते हुये यात्रियों से चर्चा कर रेल सुविधाओं की जानकारी लेंगे।

**भारत-बांग्लादेश-टी20**

भारत और बांगलादेश के बीच तीन टी-20 क्रिकेट श्रृंखला का पहला मैच आज ग्वालियर में खेला जाएगा। मुकाबला ग्वालियर के नए बने माधवराव सिंधिया स्टेडियम में शाम 7 बजे से शुरू होगा। शहर में 14 साल बाद अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा, यहां 2010 में आखिरी बार भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे खेला गया था। भारत की ओर से ऑलराउंडर शिवम दुबे घायल होकर सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह बैटर तिलक वर्मा टीम के साथ जुड़े हैं। सूर्यकुमार यादव टी-20 में फुल टाइम कप्तान बनने के बाद पहली बार भारत में कप्तानी करेंगे। शुभमन गिल, ऋषभ पंत, यशस्वी जयसवाल, मोहम्मद सिराज और अक्षर पटेल इस मैच में नहीं खेलेंगे। इससे पहले, बांग्लादेश के साथ हुए दोनों टेस्ट मैच में भारत ने शानदार जीत दर्ज की थी।

**भारत-पाक महिला टी-20**

महिला टी20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत आज दुबई में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे शुरू होगा। शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया अपना पहला मैच हार गई थी। प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में, भारत के सहायक कोच आविष्कार साल्वी ने कहा कि भारतीय टीम जानती है कि हार से कैसे उबरना है। इस बीच, पाकिस्तान ने अपने शुरुआती मैच में श्रीलंका पर जीत हासिल कर ली है।

**संक्षिप्त समाचार**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रानी दुर्गावती के 500 वे जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर दमोह जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की महिलाओं को अक्टूबर माह की मासिक किस्त 1250 रुपए का सिंगल क्लिक अंतरण किया गया।

- खंडवा में कल मिशन शक्ति अंर्तगत शक्ति अभिनंदन अभियान के तहत वन स्टॉप सेंटर द्वारा वृद्धाश्रम में दादी नानी का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया।
- प्रदेश सरकार की "मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन" योजना के तहत इंदौर जिले के

बुजुर्गों को अमृतसर की यात्रा कराई जायेगी। इसके लिए इंदौर से 21 अक्टूबर को विशेष ट्रेन रवाना होगी।

- अनुसूचित जाति-जनजाति के युवाओं को राज्य सेवा परीक्षा 2025 का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण की कक्षाएं कल से प्रारंभ होगी।
- सतना शासकीय आईटीआई एवं जिला रोजगार कार्यालय सतना द्वारा कल एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजित किया जा रहा है।

अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

**1-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जारी की किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त, किसानों के खाते में आए 20 हजार करोड़ रुपये।

**2-** राज्य मंत्री परिषद ने रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में 3900 रूपये प्रति हेक्टेयर अतिरिक्त सहायता राशि की स्वीकृति दी।

3- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज मुरैना के जौरा में मेमू ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी।

4- ग्वालियर में भारत-बांग्लादेश के बीच पहला टी-20 क्रिकेट मैच आज।

..................................